दिनांक 30.10.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# भिलाई निगम के रिक्त प्लॉट की निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि 03 नवंबर

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत विभिन्न आवासीय/व्यावसायिक प्रयोजन हेतु रिक्त भूखण्डों का अंतरण 30 वर्षीय लीज पर दिया जा रहा है, न्यूनतम दर का निर्धारण निगम द्वारा निर्धारित ऑफसेट मूल्य अनुसार है। दिनांक 13.10.2025 को लीज हेतु आनलाईन निविदा जारी किया गया है। निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकार को आनलाईन वेबसाइट में पहले पंजीयन करना होगा तथा स्वयं का डिजिटल सिग्नेचर टोकन तैयार करना होगा। डिजिटल सिग्नेचर टोकन बनवाने पश्चात पोर्टल में पंजीयन से प्राप्त आई.डी. व पासवर्ड एवं डिजिटल सिग्नेचर टोकन पिन के माध्यम से निविदा प्रक्रिया में भाग लिया जा सकता है। निविदा 30 वर्षीय स्थायी लीज पर प्राप्त अधिकतम प्रब्याजि के लिए आमंत्रित की जा रही है। तथा निविदाकार को निगम द्वारा निर्धारित ऑफसेट मूल्य का 10: राशि धरोहर राशि के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। प्राप्त अधिकतम प्रब्याजि राशि पर आवासीय प्रयोजन हेतु 0.30 प्रतिशत एवं व्यावसायिक प्रयोजन हेतु 0.60 प्रतिशत वार्षिक भू–भाटक देय होगा। रिक्त भूखण्डों का आकार, आफसेट मूल्य, धरोहर राशि एवं सामान्य शर्ते वेबसाईट https://eproc-cgstate-gov.in] www.bhilainagarnigam.com] www-uad.cg.gov.in पद पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। रिक्त भूखण्डों में मोतीलाल नेहरू नगर आवासीय योजना के 10 भूखण्ड, दक्षिण गंगोत्री व्यावसायिक योजना के 10 भूखण्ड, मदर टेरेसा नगर आवासीय योजना के 07 भूखण्ड, शिवाजी नगर आवासीय योजना के 13 भूखण्ड, प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम व्यावसायिक योजना के 04 भूखण्ड एवं जवाहर नगर आवासीय योजना के तहत 06 भूखण्डों को शामिल किया गया है। इस तरह सभी स्थलों को मिलाकर 36 आवासीय एवं 14 व्यावसायिक कुल 50 भूखण्डों को लीज पर दिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।